RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 09 फरवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 288 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## पंकजा मुंडे को राज्यसभा या लोकसभा का टिकट?

### देवेंद्र फडणवीस ने दो टूक में दिया जवाब...



महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को कहा कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व फैसला करेगा कि पंकजा मुंडे को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकित करना है या लोकसभा चुनाव का टिकट देना है या फिर पार्टी में कोई पद देना है. उन्होंने कहा कि बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों का फैसला करेगा.

मुंडे मौजूदा समय में बीजेपी की सचिव हैं. वह 2014-19 के बीच फडणवीस नीत महाराष्ट्र सरकार में मंत्री थीं. बीजेपी के दिवंगत दिग्गज नेता गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे को 2019 के विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था. जून 2022 में हुए विधान परिषद चुनाव में भी उन्हें नामांकित करने से इनकार कर दिया गया था. इस साल अप्रैल में बीजेपी नेता नारायण राणे और प्रकाश जावडेकर सहित छह नेताओं का कार्यकाल समाप्त होने की वजह से महाराष्ट्र से उच्च सदन की छह सीट खाली हो रही हैं. राज्यसभा की 56 सीट पर द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को कराया जाएगा.

### पंकजा से मुलाकात में हैरानी जैसी कोई बात नहीं- फडणवीस

मुंडे से मुलाकात के सवाल पर फडणवीस ने कहा, ''पंकजा ताई हमारी पार्टी की नेता हैं और उनके साथ मुलाकात में कुछ भी हतप्रभ करने वाला नहीं है. मुलाकात के दौरान राज्यसभा को लेकर चर्चा नहीं हुई है. हमने राजनीति और पार्टी को लेकर बातचीत की. '' मुंडे को राज्यसभा भेजने के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमारे वरिष्ठ नेता फैसला करेंगे कि किसे राज्यसभा भेजना है...पंकजा ताई हमारी (पार्टी की) राष्ट्रीय सचिव हैं उन्हें राज्यसभा भेजने का या लोकसभा के लिए टिकट या कोई पद देने को लेकर जो भी फैसला होगा वह केंद्रीय नेतृत्व करेगा. मेरा मानना है कि अच्छा फैसला लिया जाएगा.'' महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटें हैं. इनमें अकेले मुंबई में छह सीटें हैं.

## मुंबई में उद्धव गुट के नेता पर फेसबुक लाइव के दौरान फायरिंग...

### फायरिंग बाद हमलावर युवक ने खुद को भी मार ली गोली

#### ताबड़तोड़ फायरिंग में पूर्व विधायक के बेटे को लगी तीन गोलियां



**मुंबई:** महाराष्ट्र के ठाणे में बीजेपी विधायक के गोलीकांड के बाद मुंबई में एक और सनसनीखेज वारदात सामने आई है। इस घटना में उद्धव ठाकरे गुट के नेता अभिषेक घोषालकर पर फायरिंग सामने आई है। फायरिंग के दौरान अभिषेक फेसबुक पर लाइव थे। ये पूरी घटना कैमरे में रेकॉर्ड हो गई। अभिषेक की हालत गंभीर है। उन्हें तीन गोलियां लगी हैं। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मॉरिस भाई नाम के शख्स पर गोली मारने का आरोप लगा। आरोपी ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मुंबई में यह खौफनाक घटना दहिसर इलाके में हुई। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### खत्म हुआ लाइव, दाग की गोलियां...

सामने आया है कि अभिषेक घोषालकर पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाला कोई और नहीं था, बल्कि जिस शख्स (मॉरिस) के साथ वे बैठकर फेसबुक लाइव कर रहे थे। उसी ने फेसबुक लाइव के खत्म होने ही ताबड़तोड़ तारीके से गोलियां बरसा दीं। वीडियो में गोली लगने पर अभिषेक के मुंह से चीख भी निकली। पहली गोली उन्हें पेट में लगी। अभिषेक घोषालकर के पिता विनोद घोषालकर 2009 में शिवसेना के टिकट पर जीतकर विधायक बने थे। इससे पहले वह ग्रेटर मुंबई इलाके में पार्षद थे।

### पूर्व विधायक के बेटे हैं अभिषेक

अभिषेक घोषालकर को मुंबई के करुणा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुंबई में इस सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। इससे पहले मुंबई से सटे ठाणे में बीजेपी विधायक गणपत गायकवाड़ ने थाने में शिवसेना शिंदे गुट के नेता पर फायरिंग कर दी थी। अभिषेक घोषालकर शिवसेना यूबीटी नेता विनोद घोषालकर के बेटे हैं। पुलिस की शुरूआती जानकारी में सामने आया है कि यह घटना आपसी रंजिश के चलते हुई है। घटना के बाद इलाके में आक्रोश देखने को मिला है। शिवसेना यूबीटी नेता के समर्थक और पार्टी के कार्यकर्ता अस्पताल के बाहर मौजूद हैं। शिवसेना यूबीटी ने पर पार्टी के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा है कि महाराष्ट्र में इस समय अराजकता का माहौल है।


## मुंबई में कूड़ा बीनने वाले ने 3,000 रुपये के लिए बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी




**मुंबई :** मुंबई में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आयी हैं। मुंबई में कूड़ा बीनने वाले ने 3,000 रुपये के लिए बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को मुंबई के कांदिवली इलाके में 70 वर्षीय एक महिला की कथित तौर पर हत्या करके उसके बचाए हुए लगभग 3,000 रुपये लूटने के आरोप में एक कूड़ा बीनने वाले को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मंसूर शेख (51) और पीड़िता अनुसाया सावंत पश्चिमी उपनगर के चारकोप में हिंदुस्तान नाका के पास फुटपाथ पर रहते थे। शेख को हाल ही में पता चला था कि सावंत ने कुछ पैसे बचाकर रखे हैं। उसने उसे मारने और पैसे लेकर भागने का फैसला किया।

## फूलो से खिलेंगे मुंबई के फ्लाईओवर के डिवाइडर

मुंबई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मनपा प्रशासन मुंबई को खूबसूरत बनने में जुटी है। मनपा की ओर से डीप क्लीनिंग की जा रही है और शहर को सुन्दर बनाने के लिए सौंदर्यीकरण का काम किया जा रहा है। मनपा ने इसी कड़ी में मुंबई के 20 फ्लाईओवर के नीचे डिवाइडर पर 2000 गमलों में बोगेनविलिया फूल लगाया जाएगा। मनपा का कहना है कि मुख्यमंत्री शिंदे एकनाथ शिंदे ने मुंबई को चकाचक और सुंदर बनाने पर जोर दिया है।



मुंबई के वाहन चालकों के साथ-साथ मुंबई आने वाले पर्यटकों के लिए मुंबई की यात्रा को और अधिक सुखद बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है मनपा के उद्यान विभाग ने शहर को सुंदर बनाने के लिए मुंबई के 20 फ्लाई ओवरों पर बोगनवेलिया के 2000 गमले लगाए जायेंगे।इससे मुंबई में प्रवेश करने वाले वाहन चालकों के साथ-साथ पर्यटकों की मुंबई यात्रा और अधिक सुखद हो जाएगी। मनपा सड़को की सफाई, डिवाइडर, वॉल पेंटिंग, स्ट्रीट लाइटों पर रंग बिरंगी रोशनी सहित मुंबई को सुंदर बनाने कुल 150 से अधिक कार्य किए जा रहे हैं।

### इन स्थानों पर लगाए जाएंगे बोगेनविलिया के गमले

मनपा अधिकारी के अनुसार के पूर्व विभाग में वेस्टर्न एक्सप्रेसवे, आर उत्तर विभाग दहिसर के लिंक रोड, एच पूर्वी विभाग बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) से वकोला फ्लाईओवर तक, एच पश्चिम विभाग के मिलन फ्लाईओवर, ई विभाग के लालबाग फ्लाईओवर, पी उत्तर विभाग के पश्चिमी एक्सप्रेस हाईवेऔर पी दक्षिणी विभाग पश्चिमी एक्सप्रेसवे, आर मध्य विभाग के नेशनल पार्क फ्लाईओवर, मागाठने फ्लाईओवर,सुधीर फड़के फ्लाईओवर, एल विभाग के सांताक्रूज-चेंबूर लिंक रोड फ्लाईओवर, एफ उत्तर विभाग में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ब्रुजिंद्र दादीजी फ्लाईओवर (सायन ब्रिज), माटुंगा के नंदलाल डी मेहता फ्लाईओवर, नाना जगन्नाथ शंकरशेठ फ्लाईओवर (दादर फ्लाईओवर), एम पूर्व विभाग में ईस्टर्न फ्री वे , एम पूर्व विभाग में गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड फ्लाईओवर, सायन-पनवेल हाईवे फ्लाईओवर, टी विभाग में ईस्टर्न एक्सप्रेसवे फ्लाईओवर, जी उत्तर विभाग में सायन-बांद्रा लिंक रोड,स्वातंत्र्य वीर सावरकर रोड, एन विभाग के ईस्टर्न एक्सप्रेसवे फ्लाईओवर, एम पश्चिम विभाग ईस्टर्न फ्रीवे, सुमन नगर जंक्शन से चंदननगर तक इन 20 स्थानों पर बोगलवेलिया फूल वाले के बड़े गमले लगाए जाएंगे।

## राज ठाकरे को लोकसभा चुनाव से पहले इस पार्टी ने साथ आने का दिया न्योता, दिल्ली बुलाया

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति से बड़ी खबर आ रही है. यहां राज ठाकरे को लेकर हलचल तेज हो गई है. सूत्र बता रहे हैं कि राज ठाकरे एनडीए में आ सकते हैं. बीजेपी ने राज ठाकरे को निमंत्रण देकर दिल्ली बुलाया है. परसों (6 फरवरी) रात राज ठाकरे ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात हुई थी. राज ठाकरे अपनी कोर टीम के साथ देवेंद्र फडणवीस से मुंबई में मिले थे. राज ठाकरे का मुंबई और आसपास के इलाकों में प्रभाव माना जाता है. इस गठबंधन के कयास और बल मिल गया था जब डिप्टी सीएम फडणवीस के आवास पर मनसे के कुछ नेता पहुंचे थे. यहां मनसे के तीन नेता संदीप देशपांडे, नितिन सरदेसाई और बाला नंदगावकर की फडणवीस से मुलाकात हुई थी. माना जा रहा है कि उस दिन गठबंधन को लेकर ही चर्चा हुई थी. हालांकि परसों फडणवीस और ठाकरे में से मुलाकात की थी वह पहली



बार नहीं हुई थी दोनों कई मौके पर साथ देखे गए हैं. इसके पहले राज ठाकरे ने शिवसेना चीफ और सीएम एकनाथ शिंदे से भी मुलाकात की थी.

महाराष्ट्र में राज ठाकरे की छवि हिंदुत्ववादी नेता के तौर पर है. राज ठाकरे के सामने भी पार्टी के विस्तार की चुनौती है. विधानसभा चुनावों में पार्टी कुछ खास नहीं कर पाई थी. वो 'मराठा मानुष' के मुद्दे पर राजनीति करते रहे हैं. अगर राज ठाकरे एनडीए में शामिल होते हैं तो महाराष्ट्र में एनडीए का विस्तार होगा. अभी एनडीए में एकनाथ शिंदे, बीजेपी और अजित पवार शामिल हैं.

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# एक देश... एक संहिता क्यों?

**समान नागरिक संहिता न तो सही है और न ही पूरी तरह गलत है। इसे लागू करने की भी जल्दी नहीं है, क्योंकि न तो संवैधानिक बाध्यता है और न ही तुरंत आवश्यकता है। गोवा भाजपा-शासित राज्य है, वहां नागरिक संहिता कानून के तौर पर लागू है। उत्तराखंड विधानसभा में नागरिक संहिता का बिल पेश किया जा चुका है। वह पारित भी हो जाएगा। गुजरात और असम ने भी ऐसी ही जुबान बोलनी शुरू कर दी है। ये सभी भाजपाई राज्य हैं। ऐसा नहीं है कि विवाह, तलाक और उत्तराधिकार संबंधी लैंगिक अन्याय को किसी ने संबोधित नहीं किया। केरल का उदाहरण सामने है, जहां 1975 में हिंदू विवाह कानून में संशोधन कर उत्तराधिकार अधिकारों में महिला को समानता दी गई। दक्षिणी राज्यों और महाराष्ट्र ने भी उसका अनुसरण किया और कानून में सुधार किया। लैंगिक अपराध और दोष अब भी होंगे। ऐसा भी नहीं है कि लिव इन रिलेशनशिप की आड़ में ऐयाशी और टाइम पास संबंधों पर लगाम कसने के लिए समान नागरिक संहिता ही एकमात्र विकल्प है। उसके लिए अलग बिल पारित कर कानून बनाया जा सकता है। लिव इन के लिए बाकायदा पंजीकरण या माता-पिता की सहमति आदि के जो प्रावधान उत्तराखंड बिल में किए गए हैं, वे तत्संबंधी कानून में भी किए जा सकते हैं। वैसे भी लिव इन को नियंत्रित करने और विनियमित करने का काम नागरिक संहिता का नहीं है। यह नैतिक-पुलिस का ही उदाहरण है। बिल के मुताबिक, यदि लिव इन के पंजीकरण में विलंब होता है, तो आपको जेल में डाला जा सकता है और जुमार्ना भी ठोंका जा सकता है। लिव इन संबंधी प्रावधान मध्यकालीन सामाजिक संहिता के हिस्से लगते हैं। बहरहाल ऐसा भी नहीं है कि समान नागरिक संहिता से भारतीय जीवन पर पश्चिमी संस्कृति के अंधड़ के प्रभाव नहीं पड़ेंगे अथवा उनसे मुक्त हुआ जा सकेगा। हम तो संविधान और लोकतंत्र के लिए पश्चिम के ही मुखापेक्षी रहे हैं। सांस्कृतिक निशान कैसे मिट सकते हैं? सिर्फ बहुविवाह, हलाला, विवाह-तलाक के समान अधिकार और उत्तराधिकार के लिए, एक राज्य के स्तर पर, नागरिक संहिता की कोई तार्किकता नहीं है। बेशक संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता को रखा गया है और सरकार से अपेक्षा की गई है कि वह अपने नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करेगी। दरअसल जब संविधान बनाया जा रहा था और आज की सामाजिक, पारिवारिक, धार्मिक परिस्थितियों में बड़े गहरे फासले हैं। संविधान में भी 100 से अधिक संशोधन किए जा चुके हैं। सर्वोच्च अदालत ने भी नागरिक संहिता लागू करने की पैरवी की है।**

**उसके कथन का नए सिरे से अध्ययन और मूल्यांकन किया जाना चाहिए। यदि देश में एक ही नागरिक संहिता की जरूरत है, तो केंद्र की मोदी सरकार नए जनादेश के बाद उस पर कार्रवाई शुरू करे। चुनावों से पहले राज्य-दर-राज्य में इसे लागू करना 'अन्याय की राजनीति' है, क्योंकि एक बहुत बड़ा भारतीय वर्ग इसके खिलाफ है। वे सडकों पर उतरेंगे, आंदोलन करेंगे, अराजकता और कानूनहीनता फैलेगी। क्या आम चुनाव से पहले ऐसा माहौल बनाना भी राजनीतिक रणनीति है? दरअसल समान नागरिक संहिता 1951 में 'जनसंघ' के गठन से ही प्रमुख बुनियादी एजेंडे का हिस्सा रही है। भाजपा ने भी उसे धारण किया और चुनाव घोषणा-पत्रों में भी उसे शामिल रखा। अब भाजपा देश के 17-18 राज्यों में सत्तारूढ़ है, केंद्र में भी बीते 10 साल से उसकी सरकार है, लिहाजा वह एजेंडा पूरा किया जा रहा है। एजेंडे में से अनुच्छेद 370 पूरा किया जा चुका है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से भगाने का एजेंडा फिलहाल हाशिए पर है। अयोध्या राम मंदिर बन रहा है। अब समान नागरिक संहिता की बारी है। यदि इरादा सामाजिक परिवर्तन और समरूपता का है, तो नागरिक संहिता 'राष्ट्रीय' होनी चाहिए।**

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई भाजपा अधक्षय आशीष शेलार के हाथों आपल्या दवाखाना का उदाघाटन संपन्न

**मुंबई : (फिरोझ सिद्दीकी)** मुंबई सायान कोलीवाडा निर्वाचन क्षेत्र मे चौथा आपल्या दवाखाना की सुविधा का उदाघाटन आज दोपहर को मुंबई भाजपा अधक्षय आशीष शेलार के हाथों संपन्न हुआ। गौरतलब हो की कोरोना लॉक डाउन मे चरमारीई स्वस्थ सुविधाओ को आम गरीब मुंबई करो तक पहुंचाने को राज्य की एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फड़नाविस सरकार कृत संकल्पित है।



जिसको लेकर स्थानीय लोकप्रिय भाजपा विधायक तमिल सेलवन ने जहाँ निर्वाचन क्षेत्र की जनता को चौथी आपलय दवाखाना के सहयोग से आरोग्य रहित निर्वाचन क्षेत्र बनाने की ओर अग्रसर है। वहीं स्थानीय बीजेपी पूर्व नगरसेविका कृष्णा रेड्डी ने अपने भाषण मे कहा की पिछले चार वर्षो के अथक प्रयासो के बाद मुंबई मनपा प्रभाग क्रमांक.178 विजय नगर मे पहला आपलय दवाखाना की सुविधा उपलब्ध हुई है।

प्रभाग की जनता को संबोधित करते हुए कहा की यह सब मुमकिन हो पाया है जमीन से जुड़े हुए कार्य सम्राट विधायक तमिल सेलवन एक सेवक की तौर पर जनता की निस्वार्थ भाव से गलियों मे घुम घूमकर आम जनता से सीधा संपर्क स्थापित कर समस्याओं को हल कर विकास की गंगा बहाई है। वहीं मुंबई अधक्षय आशीष शेलार ने खुले कंठ से भाजपा विधायक की प्रशंसा करते हुए कहा की तमिल सेलवन है तो संभव हो पाया है। वहीं प्रसार मध्यमो से बातचीत मे तमिल सेलवन ने कहा की मै विधायक के तौर पर जनता की सेवा नहीं करता हूँ बल्कि एक आम भाजपा का कार्य कर्ता सेवक के तौर पर सेवा कर रहा हूँ। उपरोक्त अवसर पर प्रभाग 178 की स्थानीय जनता भाजपा पदाधिकारी कार्य कर्ता उपस्थित थे।

# 2018 में किया था नाबालिग लड़के का यौन उत्पीड़न
## दर्जी को मिली कठोर सजा...



**मुंबई** : विशेष POCSO अदालत ने 2018 में मलाड के अपने पड़ोस के 9 साल के लड़के का यौन उत्पीड़न करने के लिए एक 40 वर्षीय दर्जी को दस साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने लड़के की गवाही को स्वीकार करते हुए कहा, "महज तथ्य यह है कि पीड़ित लड़के की मदद के लिए कोई नहीं आया इसका मतलब यह नहीं है कि पीड़ित लड़के के सबूत विश्वसनीय नहीं हैं। अभियोजन पक्ष के मामले के अनुसार, शिकायतकर्ता, नौ वर्षीय लड़के की मां अपने मायके में रह रही थी। वह जीविकोपार्जन के लिए इमिटेशन ज्वेलरी की वर्कशॉप पर जा रही थी। आरोपी पास की एक चाय की दुकान पर आता था और इसी तरह उसकी मुलाकात उससे हुई।अभियोजन पक्ष ने कहा कि आरोपी घर आता रहता था इसलिए परिवार भी उसे जानता था। 19 मई 2018 को आरोपी साईं बाबा मंदिर के पास खेल रहा था, आरोपी ने उससे कहा कि वह उसे 20 रुपये देगा और पीड़ित लड़के को जबरन अपने घर ले गया. अभियोजन पक्ष ने कहा कि उस समय आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया और उस पर चिल्लाया और उसे थप्पड़ भी मारा। उसने उसे किसी को कुछ भी न बताने की धमकी दी। हालाँकि, उसने यह बात अपनी माँ की चाची - बहन को बताई। बाद में मौसी ने इसकी जानकारी मां को दी। घर पर विचार-विमर्श के बाद मां ने कुरार पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया और अगले दिन मामला दर्ज किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।सरकारी वकील ने पीड़ित और उसकी मां समेत 10 गवाहों से पूछताछ की थी. लड़के ने कोर्ट को बताया कि जब आरोपी उसे ले गए तो वह अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था और आरोपी उसका हाथ पकड़कर उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गया. लड़के ने कहा कि उसने विरोध किया और आरोपी पर उसे न ले जाने के लिए चिल्ला रहा था।

# मुंबईकरो विधायक कैसा होना चाहिये देखना हो तो कुर्ला पूर्व विधानसभा क्षेत्र मे देखे - दीपक केसरकर




**मुंबई (फिरोझ सिद्दीकी)** कुर्ला फेस्टिवल मे विधायक 2024 बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा का आयोजन शिवसेना शिंदे गुट विधायक मंगेश कुंडलकर ने किया। जिसका व्याख्यान अपने भाषण मे राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने कहा की मुंबई करो को अगर सही मायने मे विधायक कैसा होना चाहिये पता करना है तो उन्हे कुर्ला पूर्व विधानसभा क्षेत्र आना होगा। जिससे उन्हे पता चलेगा विधायक मंगेश कुंडलकर ने समाज के हर वर्गो का प्रशन सुलझाया है।

उल्लेखनीय तौर पर फिर चाहे वो विधार्थी ही क्यों नहीं हो कब्बडी स्पर्धा से लेकर बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा को आयोजित कर खेलो को प्रोत्साहन देने का कार्य कर रहे है। वहीं सम्मानीय अतिथि के तौर पर पधारे उत्तर मध्य मुंबई संसदीय क्षेत्र के शिवसेना शिंदे गुट सांसद गजानान कीर्तिकर ने विधायक मंगेश कुंडलकर की खुले कंठ से प्रशंसा करते ही कहा की ऐसा कार्य सम्राट विधायक कुर्ला की जनता को मिला है। जिसने संपूर्ण कुर्ला का चेहरा मोहरा विकास की शक्ल मे बदल कर रख दिया है। शिक्षा मंत्री दीपक केसर कर ने कहा की निर्वाचन क्षेत्र की सभी स्कूलो को नया बनवा कर विधार्थियो की सभी सवाल को प्रशन हल कर दिया। वहीं बॉडी बिल्डिंग स्पार्धको को सम्मानीय अतिथि गजनान कीर्तिकर के हाथों और मुख्य अतिथि दीपक केसर कर के हाथों स्मृति चिन्ह कैस देकर सम्मानित किया गया।

# शादियों का सीजन शुरू... बेतहाशा बढ़ती महंगाई

**मुंबई** : शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। मगर इस बेतहाशा महंगाई बेटी की डोली पर डोरे डाल चुकी है, जिसके कारण बारात का खर्च २० से ३० प्रतिशत महंगा हो चुका है, जबकि लहंगा-चुनरी से लेकर खान-पान तक सभी कुछ कीमतों की हद पार कर चुके हैं। ऐसे में शादी वाले घर में लोग पूछ रहे हैं कि क्या यही है 'अच्छे दिनों की सरकार?' गौरतलब है कि चौतरफा बढ़ी महंगाई की चपेट में अब शादी और ब्याह की रस्में भी आ गई हैं। सोने के आभूषणों के दाम आसमान पर पहुंचने के कारण गरीब और मध्यम वर्गों के लिए इसे खरीदना मुश्किल हो रहा है। मध्यम वर्गीय परिवारों को इस साल शादी में डेढ़ से दो लाख रुपए अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। संतान की शादी करने वाले माता पिता के सामने कर्ज का संकट पैदा हो गया है। अब तो बर्तन खरीदना भी आसान नहीं लग रहा है। बर्तनों के मूल्य में बढ़ोत्तरी के बाद लोग अपनी लिस्ट को छोटा कर रहे हैं, ताकि कम खर्च में ही बर्तन तो खरीदा जा सके। शादियों का सीजन आते ही कपड़े से लेकर अन्य उपयोगी वस्तुएं महंगी हो गई हैं, जिससे लोगों का जोश

# एसी टॉयलेट की फिटिंग की चोरी के आरोप में मुख्य संदिग्ध और 2 अन्य गिरफ्तार

**मुंबई :** सेंट्रल रेलवे मुंबई डिवीजन के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक त्वरित ऑपरेशन में सीएसएमटी में नए लॉन्च किए गए वातानुकूलित शौचालय से फिटिंग की चोरी में शामिल मुख्य संदिग्ध मोहम्मद ओवैस (24) और दो रिसीवर को गिरफ्तार कर लिया। चौबीस घंटे। रांची (झारखंड) के मूल निवासी मोहम्मद ओवैस नौकरी की तलाश में मुंबई आए और सायन कोलीवाड़ा में रहते हैं।





''जेट स्प्रे, बॉटल ट्रैप, पिलर टैप और बिब कॉक्स सहित 15,500 रुपये मूल्य की चोरी की गई वस्तुओं के गायब होने की रिपोर्ट 6 फरवरी को एक वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर ने दी थी। आरपीएफ अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की, जिससे पहचान हुई। ओवैस का, जो 7 फरवरी को लगभग 1 बजे एक और चोरी का प्रयास करते हुए पकड़ा गया था''सीआर के एक अधिकारी ने कहा। यह घटना तब सामने आई जब सीएसएमटी के वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर (कार्य) ने 6 फरवरी को हाल ही में शुरू किए गए उपनगरीय वातानुकूलित शौचालय से जेट स्प्रे और टेप गायब होने की सूचना दी।

''सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, आरपीएफ अधिकारियों ने पिछली रात के सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की, जिसमें बार-बार सुविधा में आने वाले एक संदिग्ध की पहचान की गई। संदिग्ध की तस्वीरें और वीडियो आरपीएफ सीएसएमटी व्हाट्सएप समूहों के भीतर प्रसारित किए गए, जिसके कारण संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। चोरी के लिए रेलवे ने कार्रवाई की। इसके बाद, 7 फरवरी की रात, लगभग 1 बजे, ड्यूटी पर तैनात एक सतर्क महिला आरपीएफ कांस्टेबल द्वारा संदिग्ध को उसी वॉशरूम के पास फिर से देखा गया''अधिकारियों ने कहा। ड्यूटी पर मौजूद महिला आरपीएफ कांस्टेबल ने तुरंत नाइट शिफ्ट प्रभारी को सतर्क कर दिया और आरोपी को वातानुकूलित शौचालय से फिर से फिटिंग चोरी करने का प्रयास करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान रांची (झारखंड) के 24 वर्षीय निवासी मोहम्मद ओवैस के रूप में हुई, जिसने प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उपनगरीय वातानुकूलित शौचालय से चोरी करने का अपराध कबूल कर लिया।

आगे की जांच से पता चला कि ओवैस ने चोरी के नल और जेट स्प्रे सायन कोलीवाड़ा इलाके में दुकान मालिकों को बेचे थे। एंटॉप हिल पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों के साथ एक संयुक्त अभियान में, आरपीएफ ने चोरी की संपत्ति बरामद की और दुकान मालिकों, राहुल रोशनलाल जैन (20 वर्ष) और पीयूष गणेशलाल जैन (20 वर्ष) को गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर चोरी के सामान के रिसीवर थे।

# नालासोपारा में नर्स पर क्रूर हमले के बाद 12 घंटे में गिरफ्तार प्रेमी

**नालासोपारा :** नालासोपारा में नर्स के रूप में काम करने वाली 21 वर्षीय महिला पर जानलेवा हमला करने के 12 घंटे से भी कम समय के बाद, हमलावर की पहचान मनीष बुद्धराम गौतम (21) के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने मंगलवार को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पीड़िता और आरोपी दोनों एक-दूसरे को जानते थे। महिला के साथ एकतरफा प्रेम संबंध रखने वाले आरोपी के मन में एक शिकायत थी क्योंकि महिला ने उसकी भावनाओं का जवाब नहीं दिया और उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उसका नंबर भी ब्लॉक कर दिया था। उसके इनकार से नाराज होकर, ठुकराए गए प्रेमी ने स्पष्ट रूप से एक योजना बनाई और कुछ पार्सल सौंपने के बहाने, महिला को सोमवार शाम को नालासोपारा (पूर्व) के बिलालपाड़ा इलाके में आने के लिए कहा। तीखी बहस के बाद, गौतम ने चाकू निकाला और मौके से भागने से पहले उस पर कई वार किए। महिला के हाथ, चेहरे और पेट पर गहरे घाव हो गए, उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बारे में जानकारी मिलने के बाद, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक-जितेंद्र वनकोटी के नेतृत्व में एक अपराध जांच इकाई ने इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के आधार पर आरोपी को ठीक समय पर मुंबई से पकड़ लिया, जब वह उत्तर प्रदेश में अपने पैतृक गांव भागने की तैयारी कर रहा था।



# मनपा के गार्डेन बन रहे शराबियों का अड्डा

## लोगों को भी समय पर उपयोग से लगाया जा रहा अंकुश

**मुंबई :** मनपा के जोन 5 में आने वाले अधिकांश गार्डेन की अवस्था काफी खराब बनी हुई है। जोन 5 में आने वाले देवनार गोवंडी चेंबूर और कुर्ला इलाके में बने गार्डेन का उपयोग आम नागरिकों से दूर रखकर शराबियों का अड्डा बन कर रह गया है। मनपा गार्डेन की देखभाल करने के लिए करोड़ों रुपया का ठेका देती है लेकिन हालत इतनी खराब है कि बच्चों को खेलने की अनुमति तो नही दी जाती गार्डेन का उपयोग अन्य कामों के लिए धडल्ले से किया जाता है। मनपा पिछले दो महीने से गार्डेन पॉलिसी ला रही है लेकिन उसका भी कही कुछ अता पता नजर नहीं आ रहा है। बता दे कि मनपा प्रशासन ने गार्डेन का उपयोग करने के लिए सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक अनुमति दी है। जोन 5 में आने वाले लगभग आधा दर्जन गार्डेन की हालत ऐसी है कि बच्चो को गार्डेन में खेलने के लिए जाने नही दिया जाता है। गोवंडी के भारत रत्न ए पी जे अब्दुल कलाम गार्डेन की अवस्था तो यह है कि इस गार्डेन को बच्चो के लिए खोला तक नहीं जाता । जबकि गार्डेन की देखभाल के लिए करोड़ों रुपया खर्च कर ठेकेदार नियुक्त किया गया है देवनार बकरी मंडी के पास बने गार्डेन तो शाराबियो का अड्डा बन गया है इस गार्डेन में चारो ओर शराब की बोतले दिखाई देती है। यही हालत कुर्ला स्थित मुक्त देवी मनोरंजन गार्डेन में तो गार्डेन की देखभाल के लिए दिए गए ठेकेदार ने दूसरे कामों के लिए दूसरे लोगो को दिया है जिससे इस गार्डेन में चाह कर भी बच्चे नही जा सकते है। मनपा प्रशासन पिछले कई महीनों से गार्डेन पॉलिसी नही बना पाई है ।जिसके चलते बच्चो को खेलने से वंचित तो रखा ही जा रहा है साथ वरिष्ठ नागरिक भी गार्डेन का उपयोग सुबह एक समय वाकिंग आदि के लिए नहीं कर पा रहे है। मनपा गार्डेन की देखभाल के लिए हजारों करोड़ रुपया खर्च करती है लेकिन गार्डेन की अवस्था इतनी खराब है कि लोग इन गार्डेन का उपयोग तो दूर इन गार्डेन में जाना तक नही चाहते।जिन गार्डेन में बच्चों को खेलने के लिए हालत ठीक है उन गार्डेन को बंद रखा गया है । बंद गार्डेन में जाने के लिए छोटे छोटे बच्चे गार्डेन में जाने के लिए सुरक्षा दीवार से कूद कर जानें को मजबूर होते है।



# संदिग्ध चोर को बेरहमी से पीट-पीटकर मार डालने के आरोप में 4 लोडर गिरफ्तार

**भयंदर :** नवघर पुलिस ने भयंदर में एक स्थानीय परिवहन कंपनी में काम करने वाले चार लोडरों को एक अज्ञात व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, इस संदेह में कि वह सोमवार तड़के उनके सामान चुराने के लिए उनके कार्यस्थल में घुस गया था। पुलिस के मुताबिक, उन्हें मंगलवार सुबह करीब 10 बजे भयंदर (पूर्व) के बीपी क्रॉस रोड इलाके में सब्जी बाजार के पास एक सार्वजनिक शौचालय में एक शव पड़ा होने की सूचना मिली। जबकि मृत व्यक्ति झ जिसकी उम्र 30 वर्ष के आसपास है झ की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है, पुलिस ने शुरू में इस संबंध में एक आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की थी। हालाँकि, जब शरीर पर कई गहरे घाव पाए गए, तो रिपोर्ट को हत्या के मामले में बदल दिया गया। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए, डीसीपी (जोन क) प्रकाश गायकवाड़ के मार्गदर्शन में नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक धीरज कोली के नेतृत्व में एक टीम ने अपराध स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी को स्कैन करके जांच शुरू की और फुटेज हासिल की जिसमें कुछ लोग मृतक के साथ मारपीट करते दिखे.



लोडर के रूप में काम करने वाले संदिग्धों की पहचान सुनिश्चित करने के बाद, टीम ने मुखबिरों और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली द्वारा दी गई सूचना के आधार पर छह घंटे के भीतर पांच में से चार संदिग्धों को पकड़ लिया। ऐसा हुआ कि आरोपी (नाम गुप्त रखा गया) जो अपने कार्यस्थल पर सो रहे थे, कुछ आवाज सुनकर जाग गए और अज्ञात व्यक्ति को अंदर घूमते देखा। उन्होंने उस पर चोर होने का संदेह करते हुए उस पर लात-घूंसे बरसाना शुरू कर दिया। लोडर के रूप में काम करने वाले संदिग्धों की पहचान सुनिश्चित करने के बाद, टीम ने मुखबिरों और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली द्वारा दी गई सूचना के आधार पर छह घंटे के भीतर पांच में से चार संदिग्धों को पकड़ लिया। ऐसा हुआ कि आरोपी (नाम गुप्त रखा गया) जो अपने कार्यस्थल पर सो रहे थे, कुछ आवाज सुनकर जाग गए और अज्ञात व्यक्ति को अंदर घूमते देखा। उन्होंने उस पर चोर होने का संदेह करते हुए उस पर लात-घूंसे बरसाना शुरू कर दिया।

# मुंबई लोकल के नीचे आया शख्स, भीड़ ने ट्रेन को धक्का देकर बचाई जान

**मुंबई :** आपने कार और बस को धक्का लगाते तो कई बार देखा होगा, लेकिन क्या कभी ट्रेन को धक्का लगाते हुए देखा है? अगर नहीं देखा है, तो अब देख लीजिए. फिर आपको समझाएंगे कि आखिर माजरा क्या है? फिलहाल, यह वीडियो इंटरनेट पर जंगल में लगी आग की तरह तेजी से फैल रहा है. वीडियो में भीड़ को एकजुट होकर मुंबई की एक लोकल ट्रेन को धक्का लगाते हुए देखा जा सकता है. लेकिन जब आप ऐसा करने के पीछे की उनकी वजह जानेंगे, तो तारीफ करते नहीं थकेंगे. यह वीडियो मुंबई के वाशी स्टेशन का है, जहां यात्रियों ने ट्रेन के पहिये के नीचे आए एक युवक को बचाने के लिए ट्रेन को ही धक्का लगाना शुरू कर दिया. बताया जा रहा है कि युवक ट्रेन चढ़ते समय फिसलकर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गया था. जिसके बाद वहां मौजूद भीड़ मानवता का परिचय देते एकजुट हुई, फिर युवक को बचाने में लग गई. इस अनोखे रेस्क्यू ऑपरेशन का वीडियो अब सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रेलवे ने भी इस घटना की पुष्टि की है. रेलवे क्लोज सर्किट टीवी फुटेज से पता चला है कि युवक दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए पटरी को कूदकर पार करने की कोशिश करक रहा था, तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया.रेलवे ने यात्रियों को अपनी सुरक्षा के लिए फुटओवर ब्रिज और अंडरपास का इस्तेमाल करने के लिए भी अलर्ट किया है.





# कांग्रेस को फिर बड़ा झटका !

## पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी ने पार्टी से दिया इस्तीफा...



**महाराष्ट्र :** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को महाराष्ट्र में बड़ा झटका लगा है. बाबा सिद्दीकी ने गुरुवार (8 फरवरी) को पार्टी से इस्तीफा दे दिया. बाबा सिद्दीकी ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं एक युवा किशोर के रूप में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में शामिल हुआ और यह 48 वर्षों तक चलने वाली एक महत्वपूर्ण यात्रा रही है. आज मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (INC) की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं. ऐसा बहुत कुछ है जिसे मैं व्यक्त करना चाहता हूं, लेकिन जैसा कि कहा जाता है कि कुछ चीजें अनकही ही रह जाएं तो बेहतर है. मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जो इस यात्रा का हिस्सा रहे हैं.

**इफ्तार पार्टी के लिए हैं फेमस**

बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी साल में एक बार सुर्खियां बटोरते हैं, खासकर अपनी ग्रैंड इफ्तार पार्टियों के लिए, जिसमें सलमान खान और शाहरुख खान सहित अन्य सेलेब्स शामिल होते हैं. बाबा सिद्दीकी को बड़ी इफ्तार पार्टियां आयोजित करने और फिल्म और टेलीविजन उद्योग के सबसे बड़े सितारों को एक छत के नीचे लाने के लिए जाना जाता है. मिलिंद देवड़ा के बाद बाबा सिद्दीकी पार्टी छोड़ने वाले दूसरे बड़े कांग्रेस नेता बन गए हैं.

# केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूपीए गठबंधन के शासन के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन पर लोकसभा में रखा श्वेत पत्र...

**महाराष्ट्र :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूपीए गठबंधन के शासन के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन पर श्वेत पत्र को लोकसभा में पेश कर दिया है। इस श्वेत पत्र में यूपीए सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन पर श्वेत पत्र के माध्यम से भारत की आर्थिक बदहाली और अर्थव्यवस्था पर इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। वहीं, इसमें उस समय उठाए जा सकने वाले सकारात्मक कदमों के असर के बारे में भी बात की जाएगी।



**क्यों लाया गया है श्वेत पत्र ?**

सरकार अर्थव्यवस्था के बारे में सदन के पटल पर श्वेत पत्र इसलिए ला रही है ताकि ये पता चल सके कि वर्ष 2014 तक हम कहां थे और अब कहां हैं। इस श्वेत पत्र का मकसद उन वर्षों के कुप्रबंधन से सबक सीखना है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में पहली बार सरकार 2014 में ही बनी थी। उसके पहले लगातार 10 वर्षों यानी 2004-14 तक मनमोहन सिंह की अगुवाई में यूपीए गठबंधन की सरकार रही थी।


**क्या होता है श्वेत पत्र ?**

बजट सत्र में केंद्र सरकार द्वारा लाए जाने वाले श्वेत पत्र के बारे में बता दें कि यह तरह से सूचनात्मक रिपोर्ट कार्ड होता है जिसमें सरकार की नीतियों, कामकाजों और अहम मसलों को रेखांकित किया जाता है। खासतौर पर सरकारें 'श्वेत पत्र' किसी मसले पर बहस करने, सुझाव लेने या देने के साथ एक्शन के लिए लाती है। लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रखे गए भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र' में कहा गया है कि यूपीए सरकार को अधिक सुधारों के लिए तैयार एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था विरासत में मिली। लेकिन अपने दस वर्षों में इसे नॉन परफॉर्मिंग बना दिया। 2004 में जब यूपीए सरकार ने अपना कार्यकाल शुरू किया था, तो अच्छे विश्व आर्थिक माहौल के बीच अर्थव्यवस्था 8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही थी। उद्योग और सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 7 प्रतिशत से अधिक थी और वित्त वर्ष 2004 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 9 प्रतिशत से अधिक थी।

### समस्या से भी बदतर उपाय लाई यूपीए

श्वेत पत्र में कहा गया है कि 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट पर यूपीए सरकार की ओर से जारी किया गया स्पिल-ओवर प्रभावों से निपटने के लिए एक राजकोषीय प्रोत्साहन पैकेज समस्या से भी कहीं अधिक बदतर था। यह वित्त पोषण और रखरखाव की केंद्र सरकार की क्षमता से कहीं परे था। दिलचस्प बात यह है कि इस प्रोत्साहन का उन परिणामों से कोई संबंध नहीं दिख रहा है जो इसे हासिल करने की कोशिश की गई थी क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था संकट से अनावश्यक रूप से प्रभावित नहीं हुई थी। श्वेत पत्र में आगे कहा गया है कि जीएफसी के दौरान, वित्त वर्ष 2009 में भारत की वृद्धि धीमी होकर 3.1 प्रतिशत हो गई, लेकिन वित्त वर्ष 2010 में तेजी से बढ़कर 7.9 प्रतिशत हो गई। जीएफसी के दौरान और उसके बाद वास्तविक जीडीपी वृद्धि पर आईएमएफ डेटा का उपयोग करते हुए एक क्रॉस-कंट्री विश्लेषण इस तथ्य की पुष्टि करता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव अन्य विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अपेक्षाकृत सीमित था।इस गुमराह प्रोत्साहन को एक वर्ष से अधिक जारी रखने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

# मीठी नदी पुनर्जीवन परियोजना में बीएमसी ने चरण 3 सुरंग की खुदाई पूरी की



**मुंबई :** मीठी नदी के पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए बीएमसी ने मीठी नदी पुनर्जीवन परियोजना शुरू की है। परियोजना के तहत, बीएमसी ने बापट नाला, सफेद पुल से धारावी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तक 2.60 व्यास की सुरंग की खुदाई का काम शुरू किया है। काम तीन चरणों में हो रहा है. बुधवार को कनकिया जेलियन (सांताक्रूज-चेंबूर रोड) से एलबीएस रोड तक सुरंग खुदाई का काम खत्म हो गया। बापट नाला से सफेद पुल नाला होते हुए मीठी नदी में प्रतिदिन 168 मिलियन लीटर प्रदूषित पानी जाता है। अब इस पानी को सुरंगों के माध्यम से एसटीपी तक लाया जाएगा और उपचार के बाद माहिम प्राकृतिक उद्यान के पास एक खाड़ी में पानी छोड़ा जाएगा। यह परियोजना मीठी नदी के पानी को साफ रखने में मदद करेगी जिससे मुंबई का पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।

अतिरिक्त नगर आयुक्त, पी. वेलरासु ने कहा, ''प्रदूषित पानी मीठी नदी में नहीं जाएगा और उपचार के बाद इसे खाड़ी में छोड़ दिया जाएगा। परियोजना प्रदूषित पानी को मीठी नदी में जाने से रोकेगी और समुद्र तट के पास रहने वाले लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाएगी।''।''बीएमसी के मुताबिक, मुंबई सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत 15 मीटर नीचे 6.70 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाई जा रही है। यह भारत की सबसे छोटी सुरंग है जिसकी चौड़ाई 2.60 व्यास और बाहरी चौड़ाई 3.20 मीटर है। सुरंग में पांच शाफ्ट हैं और सुरंग का निर्माण अर्थ प्रेशर बैलेंस टनल बोरिंग मशीन की मदद से सेगमेंटल लाइनिंग सिस्टम पर किया जा रहा है।

# आयकर विभाग के अधिकारियों ने एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा के घर पर मारा छापा




**मुंबई :** आयकर विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार 8 फरवरी को मुंबई के पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा के घर पर छापेमारी की. प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि आईटी अधिकारियों ने कर चोरी के मामले में मुंबई के अंधेरी इलाके में प्रदीप शर्मा के आवास की तलाशी ली। ''एनकाउंटर स्पेशलिस्ट''के नाम से मशहूर शर्मा को पहले सनसनीखेज मनसुख हिरन हत्या मामले में गिरफ्तार किया गया था।

जिलेटिन से लदी और अंबानी परिवार को जान से मारने की धमकी देने वाली एसयूवी 25 फरवरी, 2021 को एंटीलिया इमारत के पास छोड़ी गई मिली थी और 5 मार्च को वाहन मालिक हिरन को ठाणे क्रीक में मृत पाया गया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), जिसने महाराष्ट्र पुलिस से जांच अपने हाथ में ली और जून 2021 में शर्मा को गिरफ्तार किया, ने तर्क दिया कि उसने हिरन को खत्म करने के लिए एक अन्य बर्खास्त पुलिसकर्मी सचिन वेज के साथ कथित तौर पर साजिश रची थी, जिसे पूरी साजिश में ''कमजोर कड़ी''माना जाता था। अम्बानी परिवार को आतंकित करो.

शर्मा के घर पर छापेमारी के अलावा, आईटी अधिकारियों ने महाराष्ट्र के पूर्व विधायक और व्यवसायी घनश्याम दुबे के आवास की भी तलाशी ली। पिछले साल जनवरी में, दुबे पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके जमीन का एक टुकड़ा हड़पने के आरोप में मामला दर्ज किया था।

# महाराष्ट्र के ठाणे में अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेन यात्री पर डंडे से किया हमला

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस में सवार 27 वर्षीय युवक पर एक अज्ञात व्यक्ति ने चलती ट्रेन के बाहर से लकड़ी के डंडे से कथित तौर पर हमला किया जिससे वह घायल हो गया।

पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने कल्याण में बताया कि यह घटना सोमवार को जिले के अंबिवली और कल्याण के बीच दोपहर को हुई जब नासिक के मनमाड का रहने वाला एक श्रमिक ट्रेन के सामान्य श्रेणी की एक



बोगी में दरवाजे पर खड़ा था। पटरी के पास मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने बिना किसी उकसावे के उस पर लकड़ी के डंडे से वार किया।

अधिकारी ने बताया कि पीड़ित को आंख पर चोट आई है। उसे इलाज के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि कल्याण में जीआरपी ने मंगलवार को शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (मानव जीवन या दूसरों की व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए जल्दबाजी या लापरवाही से कार्य करना) और 338 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालकर गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस के अनुसार, अपराधी को पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजित बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com